हिन्दुस्तान एजुकेशन फेयर

हिन्दुस्तान एजुकेशन फेयर 2023 का गुरुवार को शानदार आगाज हुआ। लाजपत नगर स्थित रंगोली बैंक्वेट हॉल खचाखच भरा था। कई क्षेत्रों से आए छात्र-छात्राओं ने विभिन्न पाठ्यक्रम और संस्थानों के बारे में जानकारी ली। कई अभिभावक बच्चों के उज्ज्वल भविष्य को लेकर उत्सुक दिखे। शहर ही नहीं, देश के कई प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थान भी शामिल हुए। अनुभवी विशेषज्ञों ने छात्रों को पाठ्यक्रम, प्लेसमेंट, फीस संग नए क्षेत्र में कॅरियर को लेकर टिप्स दिए।

18
स्टॉल हिन्दुस्तान एजुकेशन फेयर में संस्थानों के लगे

3000
छात्र-छात्राओं ने विशेषज्ञों से कॅरियर के लिए टिप्स

विशेषज्ञता के साथ कॅरियर को मिली नई उड़ान

हिन्दुस्तान EDUCATION FAIR 2023

कानपुर, प्रमुख संवाददाता। दो दिवसीय हिन्दुस्तान एजुकेशन फेयर का शुभारंभ चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. आनंद कुमार सिंह ने किया। उनके साथ विवि के रजिस्ट्रार डॉ. पीके उपाध्याय और शाक सब्जी अनुभाग के प्रभारी डॉ. राम बटुक सिंह, डॉ. खलील खान भी रहे। कुलपति ने एजुकेशन फेयर में लगे सभी स्टॉल का निरीक्षण किया और जानकारी ली।

दूसरों के बजाए खुद पर निर्भर हों : डॉ. आनंद ने कहा कि दूसरों के बजाए खुद पर निर्भर हों। नौकरी मांगने के बजाए नौकरी देने वाले बनें। इसके लिए दिन-रात मेहनत करनी होगी। सिर्फ अच्छे संस्थान में दाखिला लेना पर्याप्त नहीं। लगन व ईमानदारी के साथ पढ़ना जरूरी है। इस विश्वास से साथ प्रयास करेंगे तो सफलता निश्चित मिलेगी।

'मोबाइल, फेसबुक सब बेकार है' : डॉ. आनंद ने छात्रों से कहा कि मोबाइल व फेसबुक सब बेकार है। इसके फेर में फंसेंगे तो सफलता दूर हो जाएगी। कभी अधिक फीस देखकर संस्थान का चयन न करना। जहां आपके पसंद का कोर्स हो और उसकी फैकल्टी व प्लेसमेंट बेहतर हो, वहां दाखिला लें। डॉ. सिंह ने हिन्दुस्तान की प्रशंसा की। कहा कि एजुकेशन फेयर के माध्यम से हिन्दुस्तान छात्रों को बेहतर कॅरियर बनाने का प्लेटफॉर्म दे रहा है।

गार्गी व अर्चिता ने जीते इनाम : छात्र-छात्राओं को कॅरियर काउंसलिंग के साथ शैक्षणिक संस्थानों की जानकारी मिली। पहले दो लकी ड्रॉ सीएसए वीसी ने निकाला। इसमें विजेता बनीं गार्गी चौहान और अर्चिता शर्मा को पुरस्कार दिया गया।

आईजी प्रशांत कुमार आज करेंगे शुभारंभ: शुक्रवार को आईजी प्रशांत कुमार कार्यक्रम का शुभारंभ करेंगे। वह छात्र-छात्राओं को मोटीवेट भी करेंगे।

हिन्दुस्तान एजुकेशन फेयर 2023 के शुभारंभ पर गुरुवार को कानपुर समेत देश के कई प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थानों से आए अनुभवी विशेषज्ञों ने छात्र-छात्राओं को दिए कॅरियर के टिप्स।

हर कोर्स की जानकारी भविष्य में काम आएगी

कई सवालों का जवाब यहां मिले हैं। कॅरियर को लेकर कुछ दुविधा थी, वह भी विशेषज्ञ ने दूर कर दी है। यहां आकर अन्य कोर्स की जानकारी मिली है। - हरप्रीत सक्सेना, एलेन हाउस पब्लिक स्कूल

हिन्दुस्तान का काफी अच्छा प्रयास है। फेयर में विभिन्न कोर्स और संस्थान की जानकारी मिली, इससे अब कहां प्रवेश लेना है, यह तय करना आसान हो गया है। - अदिति यादव, डीपीएस पब्लिक स्कूल

एक छत के नीचे सभी कोर्सेज की न सिर्फ जानकारी मिली बल्कि फीस, प्लेसमेंट के बारे में तुलना का भी मौका मिला है। भविष्य को लेकर उचित जानकारी दी है। - आदित्य शर्मा, कामद सरस्वती इंटर कॉलेज

रुचि वाला कॅरियर चुनें

मोटिवेशनल स्पीकर अरुणेंद्र सोनी ने कहा कि रुचि के अनुसार कॅरियर का चयन करना चाहिए। इंजीनियरिंग व मेडिकल के अलावा अनेक ऐसे क्षेत्र हैं, जहां छात्रों को करोड़ में पैकेज ऑफर हो रहे हैं। कोई भी विषय या सेक्टर खराब नहीं, बस उस क्षेत्र का विशेषज्ञ बनने की जरूरत है। फिर आप कामयाबी को नहीं बल्कि कामयाबी आपको खोजेगी।

जीजीईएस एजुकेशन ग्रुप ने पाठ्यक्रम संबंधी उत्सुकता दूर की।

इमर्जिंग एससपी के विशेषज्ञों ने सफलता के प्लेटफॉर्म बताए।

ऑल एडमिशन सर्विस के स्टॉल पर भविष्यपरक सूचनाएं दी गईं।

स्टॉलों पर जिज्ञासा

नारायना ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस ने संस्थान की विशेषज्ञता बयां की।

कॅरियर क्वेस्ट एजुकेशन सेंटर की ओर से विभिन्न कोर्सों के बारे में जानकारी दी गई।

एमिटी यूनिवर्सिटी लखनऊ के स्टॉल पर भी स्टूडेंट्स ने जानी कॅरियर की राह।

सेंटर इंस्टीट्यूट ऑफ फायर टेक्नोलॉजी एंड सेफ्टी मैनेजमेंट की ओर से टिप्स दिए गए।

रामा विश्वविद्यालय से आए विशेषज्ञों ने बेहतर प्लेसमेंट के बारे में बताया।